GENERAL APTITUDE

1. There is a rectangular ground in a school whose length is 45 m and breadth is 15 m. Find the area of the ground :

(A) 675 m^2 (B) 575 m^2

(C) 225 m^2 (D) 300 m^2

एक स्कूल में एक आयताकार मैदान है जिसकी लम्बाई 45 मीटर और चौड़ाई 15 मीटर है । मैदान का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए :

(A) 675 मीटर^2 (B) 575 मीटर^2

(C) 225 मीटर^2 (D) 300 मीटर^2

2. If $2^{n+4} - 2^{n+2} = 3$, then n is equal to :

(A) 0 (B) 2

(C) – 1 (D) – 2

यदि $2^{n+4} - 2^{n+2} = 3$ हो, तो n बराबर है :

(A) 0 (B) 2

(C) –1 (D) –2

3. Simplify :

$$\frac{\frac{1}{3}+\frac{1}{4}\left[\frac{2}{5}-\frac{1}{2}\right]}{1\frac{2}{3}\text{ of }\frac{3}{4}-\frac{3}{4}\text{ of }\frac{4}{5}} = ?$$

(A) 37/78 (B) 37/13

(C) 74/78 (D) 74/13

सरल कीजिए :

$$\frac{\frac{1}{3}+\frac{1}{4}\left[\frac{2}{5}-\frac{1}{2}\right]}{1\frac{2}{3}\text{ of }\frac{3}{4}-\frac{3}{4}\text{ of }\frac{4}{5}}=?$$

(A) 37/78 (B) 37/13

(C) 74/78 (D) 74/13

4. The age of the father 10 years ago was thrice the age of his son. Ten years hence, father's age will be twice that of his son. The ratio of their present ages is :

(A) 5 : 2 (B) 7 : 3

(C) 9 : 2 (D) 13 : 4

10 वर्ष पहले पिता की आयु उसके पुत्र की आयु की तीन गुनी थी । दस वर्ष बाद, पिता की आयु उसके पुत्र की आयु की दोगुनी होगी । उनकी वर्तमान आयु का अनुपात है :

(A) 5 : 2 (B) 7 : 3

(C) 9 : 2 (D) 13 : 4

5. An athlete runs 200 metres race in 24 seconds. His speed (in km/hr) is :

(A) 20 (B) 24

(C) 28.5 (D) 30

एक एथलीट 200 मीटर की दौड़ 24 सेकण्ड में पूरा करता है । उसकी गति (किमी/घंटा में) है :

(A) 20 (B) 24

(C) 28.5 (D) 30

6. The square root of 0.0169 is :

(A) 1.3 (B) 0.13

(C) 0.013 (D) 0.0013

0.0169 का वर्गमूल है :

(A) 1.3 (B) 0.13

(C) 0.013 (D) 0.0013

7. If $x * y = 3x + 2y$, then, $2 * 3 + 3 * 4$ is equal to :

(A) 18 (B) 29

(C) 32 (D) 38

यदि $x * y = 3x + 2y$ हो, तो, $2 * 3 + 3 * 4$ बराबर है :

(A) 18 (B) 29

(C) 32 (D) 38

8. When a plot is sold for Rs. 18,700, the owner loses 15%. At what price must that plot be sold in order to gain 15% ?

(A) Rs. 21,000 (B) Rs. 22,500

(C) Rs. 25,300 (D) Rs. 25,800

जब एक प्लॉट 18,700 रुपये में बेचा जाता है, तो मालिक को 15% की हानि होती है । 15% लाभ प्राप्त करने के लिए उस प्लॉट को किस कीमत पर बेचा जाना चाहिए ?

(A) 21,000 रु. (B) 22,500 रु.

(C) 25,300 रु. (D) 25,800 रु.

9. The average of all the numbers between 6 and 34 which are divisible by 5 is :

(A) 20 (B) 30

(C) 35 (D) 40

6 और 34 के बीच की सभी संख्याएँ जो 5 से विभाज्य हैं, उनका औसत है :

(A) 20 (B) 30

(C) 35 (D) 40

10. The roots of the quadratic equation $x^2 - 9x + 20 = 0$ are :

(A) $-4, -5$ (B) $-4, 5$

(C) $4, -5$ (D) $4, 5$

द्विघात समीकरण $x^2 - 9x + 20 = 0$ के मूल हैं :

(A) $-4, -5$ (B) $-4, 5$

(C) $4, -5$ (D) $4, 5$

11. Virology : Virus :: Semantics : .....

(A) Amadea (B) Language

(C) Nature (D) Society

विषाणु विज्ञान : विषाणु :: शब्दार्थ विज्ञान : .....

(A) अमाडिया (B) भाषा

(C) प्रकृति (D) समाज

12. **Direction :** Read the following information carefully and answer the question given below :

A man faces towards the North. Turning to his right, he walks 25 metres. Then he turns to his left and walks 30 metres. Next, he moves 25 metres to his right. then he turns to his right again and walks 55 meters. Finally, he turns to the right and moves 40 metres.

In which direction is he from his starting point ?

(A) North-West

(B) South

(C) South-West

(D) South-East

निर्देश : निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए :

एक आदमी का मुख उत्तर दिशा की ओर है । वह अपने दाईं ओर मुड़कर 25 मीटर चलता है । फिर वह बाईं ओर मुड़ता है और 30 मीटर चलता है । इसके बाद, वह अपने दाहिनी ओर 25 मीटर चलता है । फिर वह दोबारा अपनी दाईं ओर मुड़ता है और 55 मीटर चलता है । अंत में, वह दाईं ओर मुड़ता है और 40 मीटर चलता है। वह अपने प्रारंभिक बिंदु से किस दिशा में है ?

(A) उत्तर-पश्चिम

(B) दक्षिण

(C) दक्षिण-पश्चिम

(D) दक्षिण-पूर्व

13. **Direction :** Choose the correct alternative from the given ones that will complete the series :

4, 7, 12, 19, 28, ?

(A) 30 (B) 36

(C) 39 (D) 49

निर्देश : दिए गए विकल्पों में से वह सही विकल्प चुनिए जो शृंखला को पूरा करेगा :

4, 7, 12, 19, 28, ?

(A) 30 (B) 36

(C) 39 (D) 49

14. Introducing a boy, a girl said, "He is the son of the daughter of the father of my uncle." How is the boy related to the girl ?

(A) Brother

(B) Nephew

(C) Uncle

(D) Son-in-law

एक लड़की ने एक लड़के का परिचय देते हुए कहा, ''यह मेरे चाचा के पिता की बेटी का बेटा है ।'' लड़का लड़की से किस प्रकार संबंधित है ?

(A) भाई

(B) भतीजा

(C) चाचा

(D) दामाद

15. If P denotes ÷, Q denotes ×, R denotes + and S denotes –, then what is the value of 18 Q 12 P 4 R 5 S 6 ?

(A) 53 (B) 59

(C) 63 (D) 65

यदि P ÷ को दर्शाता है, Q × को दर्शाता है, R + को दर्शाता है और S – को दर्शाता है, तो 18 Q 12 P 4 R 5 S 6 का मान क्या है ?

(A) 53 (B) 59

(C) 63 (D) 65

16. Find the missing term :



(A) 23 (B) 25

(C) 26 (D) 27

लुप्त पद ज्ञात कीजिए :



(A) 23 (B) 25

(C) 26 (D) 27

17. **Direction :** Study the following question carefully and choose the right answer :

If PEAR is written as GFDN, how is REAP written in this code ?

(A) FDNG (B) NFDG

(C) DNGF (D) NDFG

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्न का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और सही उत्तर का चयन कीजिए :

यदि PEAR को GFDN लिखा जाता है, तो इस कोड में REAP कैसे लिखा जाएगा ?

(A) FDNG (B) NFDG

(C) DNGF (D) NDFG

18. Find out which of the diagrams as given in the alternatives correctly represents the relationship stated in the question ?

Building Material, Cement, Wood



(A) (a) (B) (b)

(C) (c) (D) (d)

पता लगाइए कि विकल्पों में दिए गए आरेखों में से कौनसा चित्र प्रश्न में बताए गए संबंध को सही ढंग से दर्शाता है ?

बिल्डिंग मटेरियल, सीमेंट, लकड़ी



(A) (a) (B) (b)

(C) (c) (D) (d)

19. In a row of boys, if A is 10th from left and B is 9th from the right and interchange their positions, A becomes 15th from the left. How many boys are there in the row ?

(A) 23 (B) 27

(C) 28 (D) 31

लड़कों की एक पंक्ति में, यदि A बाएँ से 10वें और B दाएँ से 9वें स्थान पर है और वे अपना स्थान बदल लेते हैं, तो A बाएँ से 15वें स्थान पर आ जाता है । पंक्ति में कितने लड़के हैं ?

(A) 23 (B) 27

(C) 28 (D) 31

20. Identify the figure that completes the pattern :



(A) (1) (B) (2)

(C) (3) (D) (4)

उस आकृति को पहचानिए जो पैटर्न को पूरा करती है :



(A) (1) (B) (2)

(C) (3) (D) (4)

GENERAL ENGLISH

21. Choose one of the following options that means the *opposite* of the given word : LUMINOUS

(A) Clear (B) Brittle

(C) Clever (D) Dim

22. Choose one of the following options that means *similar* to the given word : GRACIOUS

(A) Pretty (B) Clever

(C) Pleasant (D) Present

23. Find the correctly spelt word :

(A) Affedevit (B) Afidevit

(C) Affidevit (D) Affidavit

24. Out of the four alternatives, choose the one which can be substituted for the given sentence :

A doctor who treats skin diseases :

(A) Ophthalmologist (B) Dermatologist

(C) Paediatrician (D) Cardiologist

25. In this question, four alternatives are given for the Idiom/Phrase in bold in the sentence. Choose the alternative which best expresses the meaning of the Idiom/ Phrase as your answer :

Do not trust a man who **blows his own trumpet**.

(A) flatters (B) praises others

(C) admonishes others (D) praises himself

26. Fill in the blank with an appropriate preposition :

Throw this pen.....the dustbin.

(A) into (B) in

(C) at (D) on

27. Given below are four jumbled sentences. Select the option that gives their correct order :

P : This code contains information about its nature.

Q : Each living organism has a DNA code.

R : If this genetic material is altered, it would alter the organism.

S : The nature of an individual is determined by the unique genetic material in the code.

(A) SQRP (B) QPSR

(C) SRPQ (D) QRSP

28. In this question a sentence given with blanks is to be filled in with an appropriate word(s). Choose the correct alternative out of the four :

The little boy ran.....fast that he was.....for breath.

(A) so - gasping

(B) too - fighting

(C) so - inhaling

(D) very - struggling

29. **Direction :** In the question, a sentence/part of the sentence is bold. Below are given alternatives to the bold sentence/part of the sentence which may improve the sentence. Choose the correct alternative :

Will you kindly **open** the knot ?

(A) untie (B) break

(C) loose (D) No improvement

30. Fill in the blank :

Have you seen a tiger and.....elephant together ?

(A) an (B) the

(C) a (D) None of these

31. **Direction :** In this question, a sentence is given with a blank to be filled in with an appropriate word. Choose the correct alternative out of the four :

Who is the person you.....at the cinema last night ?

(A) were recognising (B) recognised

(C) have recognised (D) had recognised

32. A sentence has been given in direct form. Out of the four alternatives, choose the one that best expresses the same sentence in indirect form :

"If you don't keep quiet, I shall shoot you", he said to her in a calm voice.

(A) He warned her calmly that he would shoot her if she didn't keep quiet.

(B) He said calmly that I shall shoot you if you don't be quiet.

(C) Calmly he warned her that be quiet or else he would have to shoot her.

(D) He warned her to shoot if she didn't keep quiet calmly.

33. Change the voice :

I shall have written the letter.

(A) The letter will be written by me.

(B) The letter has been written by me.

(C) The letter is being written by me.

(D) The letter will have been written by me.

34. **Direction :** In this question, a sentence is divided into four parts. There is an error in one of the parts, which makes the sentence grammatically or contextually incorrect. Choose the option with the part containing error :

The captain along with his team/are practising very hard/for the/forthcoming matches.

(A) The captain along with his team

(B) are practising very hard

(C) for the

(D) forthcoming matches

35. **Instruction :** Choose the most appropriate adjective from the options to fill in the blank :

The.....silence in the room was suffocating, broken only by the occasional cough.

(A) deafening (B) serene

(C) jovial (D) melodious

Direction (Q. Nos. 36-40) : Read the passage carefully and answer the following questions :

The internet, a boundless realm of information and interaction, has reshaped our world in profound ways. It has democratized knowledge, connecting billions to a vast digital library, and transformed communication, bridging distances and fostering global communities. Yet, its impact extends beyond the realm of information and connection, challenging traditional boundaries and raising profound questions about privacy, security, and the very nature of reality.

It has revolutionized commerce, opening global markets and empowering individuals to create and trade. It has fueled innovation, accelerating scientific progress and giving rise to entirely new industries. It has transformed entertainment, with streaming services and social media platforms redefining how we consume media and engage with art. However, this digital landscape also harbours darker corners. Misinformation and disinformation spread like wildfire, challenging trust in institutions and eroding social cohesion. Cybercrime poses a constant threat, with hackers exploiting vulnerabilities to steal data and disrupt critical infrastructure. Online harassment and abuse can inflict real-world harm, silencing voices and perpetuating inequalities. Moreover, the internet's pervasiveness blurs boundaries between the virtual and physical worlds. Our online identities intertwine with our offline selves, raising questions about privacy and the ownership of personal data. The lines between truth and fiction become increasingly blurred, as artificial intelligence and deep fakes create convincing simulations of reality.

Navigating this complex terrain requires a balance of optimism and caution. We must harness the internet's transformative power for good while acknowledging its potential for harm. We must safeguard our privacy and security, cultivate critical thinking skills to sift truth from fiction, and foster responsible online behaviour to ensure a safe and equitable digital future for all.

36. The main idea of the passage is that :

(A) The internet is a purely positive force in society.

(B) The internet's impact is entirely negative and destructive.

(C) The internet has both transformative potential and significant challenges.

(D) The internet is primarily a tool for entertainment and social connection.

37. The author's tone in the passage can best be described as :

(A) Fearful and pessimistic

(B) Cautiously optimistic

(C) Overly enthusiastic

(D) Indifferent and detached

38. The phrase "boundless realm" in the passage suggests that the internet is :

(A) Limited in scope

(B) Vast and limitless

(C) Easily controlled

(D) Accessible to a select few

39. Find a synonym for "transformed" as used in the passage :

(A) Hindered (B) Delayed

(C) Reshaped (D) Stagnated

40. Find an antonym for "pervasive" as used in the passage :

(A) Limited (B) Widespread

(C) Influential (D) Powerful

GENERAL HINDI

41. 'रामचरितमानस' के रचयिता का क्या नाम है ?

(A) चन्दबरदाई (B) तुलसीदास

(C) अग्रदास (D) केशवदास

42. इनमें से किस रचनाकार का सम्बन्ध हरियाणा से है ?

(A) मैथिलीशरण गुप्त (B) सियारामशरण गुप्त

(C) माताप्रसाद गुप्त (D) बालमुकुन्द गुप्त

43. इनमें से 'वृक्ष' शब्द का कौनसा पर्याय है ?

(A) तरी (B) शर

(C) गाछ (D) घन

44. इनमें से कौनसा शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञा है ?

(A) हिमालय (B) गाय

(C) घोड़ा (D) कौआ

45. इनमें से कौनसा शब्द भाववाचक संज्ञा है ?

(A) लड़का

(B) बूढ़ा

(C) मित्र

(D) लड़कपन

46. इनमें से कौनसा शब्द पुल्लिंग है ?

(A) दया (B) क्षेत्र

(C) माया (D) कृपा

47. इनमें से कौनसा शब्द स्त्रीलिंग है ?

(A) पालन (B) प्रार्थना

(C) गमन (D) नेत्र

48. इनमें से कौनसा शब्द तत्सम है ?

(A) नाक (B) रात

(C) श्रवण (D) बात

49. इनमें से कौनसा शब्द तद्भव है ?

(A) कलश (B) वचन

(C) सर्प (D) कपड़ा

50. इनमें कौनसा शब्द अशुद्ध है ?

(A) परिक्षा (B) पूर्व

(C) प्रसाद (D) पृथक्

51. इनमें से कौनसा शब्द शुद्ध है ?

(A) ललायित (B) वाहिनी

(C) सन्तुष्ठ (D) भगीरथी

52. 'आस्तीन का साँप' मुहावरे का क्या अर्थ है ?

(A) विचलित होना (B) बुरी तरह पछताना

(C) कपटी मित्र (D) बहाना करना

53. 'आगे कुआँ पीछे खाई' लोकोक्ति का क्या अर्थ है ?

(A) गुणों के विपरीत नाम

(B) महामूर्ख होना

(C) अपना कार्य ही फलदायक होता है

(D) दोनों ओर संकट

54. 'भोजनालय' शब्द का सही सन्धि-विच्छेद कौनसा है ?

(A) भोजन + अलय

(B) भोजन + आलय

(C) भोज + अलय

(D) भोज + आलय

55. 'बन्दी' शब्द का क्या अर्थ है ?

(A) कैदी

(B) भाट

(C) चारण

(D) बात

56. 'जिसके हृदय में दया नहीं है' वाक्यखण्ड के लिए कौनसा एक शब्द सही है ?

(A) निर्मम (B) निर्धन

(C) निर्दय (D) निरर्थक

57. 'जो कुछ नहीं जानता है' वाक्यखण्ड के लिए कौनसा एक शब्द सही है ?

(A) सर्वज्ञ (B) अल्पज्ञ

(C) बहुज्ञ (D) अज्ञ

58. इनमें से कौनसा वाक्य शुद्ध है ?

(A) मैंने घर जाना है । (B) मैंने चाय पी है ।

(C) मैंने बोला है । (D) मैंने घर जाऊँगा ।

59. इनमें से 'वृद्धि' शब्द का विपरीतार्थक शब्द कौनसा है ?

(A) सामान्य (B) लघु

(C) मिलन (D) ह्रास

60. इनमें से कौनसा शब्द पुरुषवाचक सर्वनाम है ?

(A) हम

(B) कुछ

(C) कोई

(D) कौन

GENERAL KNOWLEDGE

61. When did Haryana become a separate state ?

(A) The Acquired Territories Merger Act, 1960

(B) Himachal Pradesh and Bilaspur (New State) Act, 1954

(C) States Reorganization Act, 1956

(D) Punjab Reorganization Act, 1966

हरियाणा कब अलग राज्य बना ?

(A) अधिग्रहीत क्षेत्र विलय अधिनियम, 1960

(B) हिमाचल प्रदेश और बिलासपुर (नया राज्य) अधिनियम, 1954

(C) राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956

(D) पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966

62. Which of the following rulers built the Gujri Mahal in Hisar, Haryana ?

(A) Muhammad Bin Tughlaq

(B) Firoz Shah Tughlaq

(C) Alauddin Khilji

(D) Qutubuddin Mubarak Shah

निम्नलिखित में से किस शासक ने हरियाणा के हिसार में गुजरी महल का निर्माण करवाया था ?

(A) मुहम्मद बिन तुगलक

(B) फिरोज शाह तुगलक

(C) अलाउद्दीन खिलजी

(D) कुतुबुद्दीन मुबारक शाह

63. Who among the following leaders led the Revolt of 1857 in Rewari (Haryana) ?

(A) Deepuji Rana (B) Surender Sai

(C) Mulbagal Swami (D) Rao Tularam

निम्नलिखित में से किस नेता ने रेवाड़ी (हरियाणा) में 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किया ?

(A) दीपूजी राणा (B) सुरेंद्र साई

(C) मुलबागल स्वामी (D) राव तुलाराम

64. Which village Panchayat of Haryana has passed a resolution "No Toilet, No Bride" ?

(A) Bishangarh

(B) Nimriwali

(C) Godikan

(D) Ishapur Kheri

हरियाणा की किस ग्राम पंचायत ने ''शौचालय नहीं, दुल्हन नहीं'' का प्रस्ताव पारित किया है ?

(A) बिशनगढ़

(B) निमरीवाली

(C) गोदिकां

(D) ईशापुर खेड़ी

65. Which of the following pairs is correctly matched ?

1. Surajkund - Haryana
2. Hemis Gompa - Karnataka
3. Ambubasi - West Bengal

(A) Only 1 (B) Only 1 and 2

(C) Only 2 and 3 (D) 1, 2 and 3

निम्नलिखित में से कौनसा जोड़ा सुमेलित है ?

1. सूरजकुंड – हरियाणा
2. हेमिस गोम्पा – कर्नाटक
3. अंबुबासी – पश्चिम बंगाल

(A) केवल 1 (B) केवल 1 और 2

(C) केवल 2 और 3 (D) 1, 2 और 3

66. Who founded the Haryanaka dynasty ?

(A) Bimbisara

(B) Ghananand

(C) Ajatshatru

(D) Harshvardhan

हर्यंक राजवंश की स्थापना किसने की ?

(A) बिम्बिसार

(B) घनानंद

(C) अजातशत्रु

(D) हर्षवर्धन

67. Arrange the following states in chronological order according to the date of creation :

1. Haryana
2. Sikkim
3. Meghalaya
4. Nagaland

(A) 4, 1, 3, 2 (B) 1, 2, 3, 4

(C) 2, 1, 3, 4 (D) 1, 2, 4, 3

निम्नलिखित राज्यों को सृजन की तिथि के अनुसार कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

1. हरियाणा
2. सिक्किम
3. मेघालय
4. नागालैंड

(A) 4, 1, 3, 2 (B) 1, 2, 3, 4

(C) 2, 1, 3, 4 (D) 1, 2, 4, 3

68. Kerala, Haryana, Madhya Pradesh, Chhattisgarh and Karnataka were formed on which of the following dates ?

(A) October 2 (B) November 1

(C) November 2 (D) November 5

केरल, हरियाणा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और कर्नाटक का गठन निम्नलिखित में से किस तिथि को हुआ था ?

(A) 2 अक्टूबर (B) 1 नवंबर

(C) 2 नवंबर (D) 5 नवंबर

69. Who among the following elects the Chief Minister ?

(A) Members of Legislative Assembly

(B) Members of Lok Sabha

(C) Members of Rajya Sabha

(D) All of the above

निम्नलिखित में से कौन मुख्यमंत्री का चुनाव करता है ?

(A) विधान सभा के सदस्य

(B) लोक सभा के सदस्य

(C) राज्य सभा के सदस्य

(D) उपर्युक्त सभी

70. Which of the following games is Major Dhyan Chand associated with ?

(A) Cricket

(B) Hockey

(C) Badminton

(D) Kabaddi

मेजर ध्यानचंद निम्नलिखित में से किस खेल से संबंधित हैं ?

(A) क्रिकेट

(B) हॉकी

(C) बैडमिंटन

(D) कबड्डी

71. Which state has won the maximum Gold Medals in the 2023 National Games ?

(A) Haryana (B) Maharashtra

(C) Karnataka (D) Punjab

2023 राष्ट्रीय खेलों में किस राज्य ने सर्वाधिक स्वर्ण पदक जीते हैं ?

(A) हरियाणा (B) महाराष्ट्र

(C) कर्नाटक (D) पंजाब

72. Who was the first President of India ?

(A) Dr. Rajendra Prasad

(B) Sh. Jawahar Lal Nehru

(C) Dr. B. R. Ambedkar

(D) Sh. Zakir Hussain

भारत के प्रथम राष्ट्रपति कौन थे ?

(A) डॉ. राजेंद्र प्रसाद

(B) श्री जवाहरलाल नेहरू

(C) डॉ. बी. आर. अम्बेडकर

(D) श्री जाकिर हुसैन

73. Which of the following districts has no boundary with another State ?

(A) Sirsa (B) Sonepat

(C) Rohtak (D) Rewari

निम्नलिखित में से किस जिले की सीमा दूसरे राज्य से नहीं लगती ?

(A) सिरसा (B) सोनीपत

(C) रोहतक (D) रेवाड़ी

74. The capital of Madhya Pradesh is :

(A) Gwalior (B) Ujjain

(C) Indore (D) Bhopal

मध्य प्रदेश की राजधानी है :

(A) ग्वालियर (B) उज्जैन

(C) इंदौर (D) भोपाल

75. On whose birth anniversary do we celebrate National Farmers Day ?

(A) Atal Bihari Vajpayee

(B) Jawaharlal Nehru

(C) Chaudhary Charan Singh

(D) P. V. Narasimha Rao

हम किसकी जयंती पर राष्ट्रीय किसान दिवस मनाते हैं ?

(A) अटल बिहारी वाजपेयी

(B) जवाहरलाल नेहरू

(C) चौधरी चरण सिंह

(D) पी. वी. नरसिम्हा राव

76. 'National Panchayati Raj Day' is celebrated on which of the following days ?

(A) April 20 (B) April 22

(C) April 24 (D) April 26

'राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस' निम्नलिखित में से किस दिन मनाया जाता है ?

(A) 20 अप्रैल (B) 22 अप्रैल

(C) 24 अप्रैल (D) 26 अप्रैल

77. Which of the following states has the highest solar power generation capacity ?

(A) Telangana (B) Rajasthan

(C) Tamil Nadu (D) Karnataka

निम्नलिखित में से किस राज्य की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता सबसे अधिक है ?

(A) तेलंगाना (B) राजस्थान

(C) तमिलनाडु (D) कर्नाटक

78. Sri Lanka is located in which of the following oceans ?

(A) Bay of Bengal

(B) Indian Ocean

(C) Arabian Sea

(D) Pacific Ocean

श्रीलंका निम्नलिखित में से किस महासागर में स्थित है ?

(A) बंगाल की खाड़ी

(B) हिंद महासागर

(C) अरब सागर

(D) प्रशांत महासागर

79. Republic Day celebrations are ended with which of the following ceremonies ?

(A) Beating Retreat Ceremony

(B) Martyrs' Day Ceremony

(C) Presentation of Guard of Honour Ceremony

(D) Vijay Diwas Ceremony

गणतंत्र दिवस समारोह निम्नलिखित में से किस समारोह के साथ समाप्त होता है ?

(A) बीटिंग रिट्रीट समारोह

(B) शहीद दिवस समारोह

(C) गार्ड ऑफ ऑनर समारोह की प्रस्तुति

(D) विजय दिवस समारोह

80. Which of the following movies is based on the India-Pak war ?

(A) Humraj (B) Chak-de-India

(C) Border (D) Do Raste

निम्नलिखित में से कौनसी फिल्म भारत-पाक युद्ध पर आधारित है ?

(A) हमराज (B) चक-दे-इंडिया

(C) बॉर्डर (D) दो रास्ते

FUNDAMENTALS OF COMPUTER

81. Who is the father of Computer ?

(A) James Gosling

(B) Charles Babbage

(C) Dennis Ritchie

(D) Bjarne Stroustrup

कम्प्यूटर के जनक कौन हैं ?

(A) जेम्स गोसलिंग

(B) चार्ल्स बैबेज

(C) डेनिस रिची

(D) बज़्ने स्ट्रॉस्ट्रुप

82. What is the primary function of the BIOS (Basic Input/Output System) in a computer ?

(A) Provides power to the computer

(B) Manages file storage

(C) Executes application software

(D) Boots up the computer and initializes hardware components

कम्प्यूटर में BIOS (बेसिक इनपुट/आउटपुट सिस्टम) का प्रमुख कार्य क्या है ?

(A) कम्प्यूटर को बिजली प्रदान करना

(B) फाइल स्टोरेज का प्रबंधन करना

(C) एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर को क्रियान्वित करना

(D) कम्प्यूटर को बूट करना और हार्डवेयर के घटकों को प्रारंभ करना

83. Which of the following is *not* the correct definition of Computer ?

(A) Computer is a machine or device that can be programmed to perform arithmetical or logic operation sequences automatically.

(B) Computer understands only binary language which is written in the form of 0s & 1s.

(C) Computer is a programmable electronic device that stores, retrieves and processes the data.

(D) Computer is a software component.

निम्नलिखित में से कौनसी कम्प्यूटर की सही परिभाषा **नहीं** है ?

(A) कम्प्यूटर एक मशीन या उपकरण है जिसे स्वचालित रूप से अंकगणितीय या तर्क संचालन अनुक्रम निष्पादित करने के लिए प्रोग्रामित किया जा सकता है ।

(B) कम्प्यूटर केवल बाइनरी भाषा को समझता है जो 0s और 01 के रूप में लिखी जाती है ।

(C) कम्प्यूटर एक प्रोग्रामयोग्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है जो डाटा को संग्रहीत, पुनर्प्राप्त और संसाधित करता है ।

(D) कम्प्यूटर एक सॉफ्टवेयर घटक है ।

84. What is the full form of CPU ?

(A) Computer Processing Unit

(B) Computer Principle Unit

(C) Central Processing Unit

(D) Control Processing Unit

CPU का पूर्ण रूप क्या है ?

(A) कम्प्यूटर प्रोसेसिंग यूनिट

(B) कम्प्यूटर प्रिंसिपल यूनिट

(C) सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट

(D) कंट्रोल प्रोसेसिंग यूनिट

85. Which of the following languages does the computer understand ?

(A) Computer understands only C Language

(B) Computer understands only Assembly Language

(C) Computer understands only Binary Language

(D) Computer understands only BASIC

कम्प्यूटर निम्नलिखित में से कौनसी भाषा समझता है ?

(A) कम्प्यूटर केवल C भाषा समझता है

(B) कम्प्यूटर केवल असेंबली भाषा समझता है

(C) कम्प्यूटर केवल बाइनरी भाषा समझता है

(D) कम्प्यूटर केवल बेसिक (BASIC) समझता है

86. Which of the following computer languages is written in binary codes only ?

(A) Pascal (B) Machine Language

(C) C (D) Dot Net

निम्नलिखित में से कौनसी कम्प्यूटर भाषा केवल बाइनरी कोड में लिखी जाती है ?

(A) पास्कल (B) मशीनी भाषा

(C) C (D) डॉट नेट

87. Which of the following is the brain of the computer ?

(A) Central Processing Unit

(B) Memory

(C) Arithmetic and Logical Unit

(D) Control unit

निम्नलिखित में से कौन कम्प्यूटर का मस्तिष्क है ?

(A) सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (CPU)

(B) मेमोरी

(C) अंकगणित और तार्किक इकाई (ALU)

(D) नियंत्रण इकाई

88. Which of the following is *not* a characteristic of a computer ?

(A) Versatility (B) Accuracy

(C) Diligence (D) Defectless Product

निम्नलिखित में से कौनसी कम्प्यूटर की विशेषता **नहीं** है ?

(A) बहुमुखी प्रतिभा (B) सटीकता

(C) परिश्रम (D) दोषरहित उत्पाद

89. Which of the following is the smallest unit of data in a computer ?

(A) Bit (B) KB

(C) Nibble (D) Byte

निम्नलिखित में से कौन कम्प्यूटर में डाटा की सबसे छोटी इकाई है ?

(A) बिट (B) KB

(C) निब्बल (D) बाइट

90. Which of the following units is responsible for converting the data received from the user into a computer understandable format ?

(A) Output Unit

(B) Input Unit

(C) Memory Unit

(D) Arithmetic and Logical Unit

निम्नलिखित में से कौनसी इकाई उपयोगकर्ता से प्राप्त डाटा को कम्प्यूटर के समझने योग्य प्रारूप में परिवर्तित करने के लिए जिम्मेदार है ?

(A) आउटपुट यूनिट

(B) इनपुट यूनिट

(C) मेमोरी यूनिट

(D) अंकगणित और तार्किक इकाई (ALU)

91. Which of the following monitors looks like a television and is normally used with non-portable computer systems ?

(A) LED (B) LCD

(C) CRT (D) Flat Panel Monitors

निम्नलिखित में से कौनसा मॉनिटर टेलीविजन जैसा दिखता है और आमतौर पर गैर-पोर्टेबल कम्प्यूटर सिस्टम के साथ उपयोग किया जाता है ?

(A) LED (B) LCD

(C) CRT (D) फ्लैट पैनल मॉनिटर्स

92. Which of the following is *not* a type of computer code ?

(A) EDIC (B) ASCII

(C) BCD (D) EBCDIC

निम्नलिखित में से कौनसा कम्प्यूटर कोड का एक प्रकार **नहीं** है ?

(A) EDIC (B) ASCII

(C) BCD (D) EBCDIC

93. Which of the following parts of a processor contains the hardware necessary to perform all the operations required by a computer ?

(A) Controller (B) Registers

(C) Cache (D) Data path

प्रोसेसर के निम्नलिखित में से किस भाग में कम्प्यूटर द्वारा आवश्यक सभी ऑपरेशन करने के लिए आवश्यक हार्डवेयर होता है ?

(A) कंट्रोलर (B) रजिस्टर

(C) कैश (D) डाटा पाथ

94. Which of the following is designed to control the operations of a computer ?

(A) User (B) Application Software

(C) System Software (D) Utility Software

निम्नलिखित में से कौनसा कम्प्यूटर के संचालन को नियंत्रित करने के लिए डिजाइन किया गया है ?

(A) उपयोगकर्ता (यूजर) (B) एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर

(C) सिस्टम सॉफ्टवेयर (D) यूटिलिटी सॉफ्टवेयर

95. The term 'IP Address' is related to :

(A) Compiler (B) Computer System

(C) System Software (D) Calculator

'आई.पी. एड्रेस' शब्द किससे संबंधित है ?

(A) कंपाइलर (B) कम्प्यूटर सिस्टम

(C) सिस्टम सॉफ्टवेयर (D) कैलकुलेटर

96. Which of the following is used in Network Security ?

(A) Password (B) Mainframes

(C) Variables (D) Flow Chart

नेटवर्क सुरक्षा में निम्नलिखित में से किसका उपयोग किया जाता है ?

(A) पासवर्ड (B) मेनफ्रेम

(C) चर (D) फ्लो चार्ट

97. Which of the following is a physical device of a computer ?

(A) Hardware (B) Software

(C) System Software (D) Package

निम्नलिखित में से कौन कम्प्यूटर का भौतिक उपकरण है ?

(A) हार्डवेयर (B) सॉफ्टवेयर

(C) सिस्टम सॉफ्टवेयर (D) पैकेज

98. Which of the following defines the assigned ordering among the characters used by the computer ?

(A) Accumulation (B) Sorting

(C) Collating Sequence (D) Unicode

निम्नलिखित में से कौन कम्प्यूटर द्वारा उपयोग किए जाने वाले वर्णों के बीच निर्दिष्ट क्रम को परिभाषित करता है ?

(A) संचय (B) छँटाई (Sorting)

(C) मिलान अनुक्रम (D) यूनिकोड

99. Which of the following is known as the interval between the instant a computer makes a request for the transfer of data from a disk system to the primary storage and the instance the operation is completed ?

(A) Disk utilization time (B) Drive utilization time

(C) Disk access time (D) Disk arrival time

निम्नलिखित में से किसे उस क्षण के बीच के अंतराल के रूप में जाना जाता है जब कम्प्यूटर डिस्क सिस्टम से प्राथमिक भंडारण में डाटा के हस्तांतरण के लिए अनुरोध करता है और जब ऑपरेशन पूरा हो जाता है ?

(A) डिस्क उपयोग समय (B) ड्राइव उपयोग समय

(C) डिस्क एक्सेस समय (D) डिस्क आगमन का समय

100. Which of the following can access the server ?

(A) Web Client (B) User

(C) Web Browser (D) Web Server

निम्नलिखित में से कौन सर्वर तक पहुँच सकता है ?

(A) वेब क्लाइंट (B) उपयोगकर्ता

(C) वेब ब्राउजर (D) वेब सर्वर

KEY-SET-B

GA		GE		HINDI		GK		FOC	
Q. No.	Ans	Q. No.	Ans	Q. No.	Ans	Q. No.	Ans	Q. No.	Ans
1	A	21	D	41	B	61	D	81	B
2	D	22	C	42	D	62	B	82	D
3	A	23	D	43	C	63	D	83	D
4	B	24	B	44	A	64	C	84	C
5	D	25	D	45	D	65	A	85	C
6	B	26	A	46	B	66	A	86	B
7	B	27	B	47	B	67	A	87	A
8	C	28	A	48	C	68	B	88	D
9	A	29	A	49	D	69	A	89	A
10	D	30	A	50	A	70	B	90	B
11	B	31	D	51	B	71	B	91	C
12	D	32	A	52	C	72	A	92	A
13	C	33	D	53	D	73	C	93	D
14	A	34	B	54	B	74	D	94	C
15	A	35	A	55	A	75	C	95	B
16	C	36	C	56	C	76	C	96	A
17	B	37	B	57	D	77	B	97	A
18	B	38	B	58	B	78	B	98	C
19	A	39	C	59	D	79	A	99	C
20	A	40	A	60	A	80	C	100	A